क्र० सं०	परियोजना का नाम	कब से लंबित है	क्यों लंबित है
	महाराष्ट्र		
	(क) तेल शोधक संयंत्र		
	शून्य		
	(ख) विद्युत परियोजनाएं		
19.	चिखल्दरा पम्प्ड स्टोरेज स्कीम	दिसम्बर, 95	अतिरिक्त सूचना की प्रतीक्षा है।
	(ग) खानें		
20.	बारंज एवं बोडेर ब्लाक, निफोन डेनरी इस्पात लि०	मई, 95	अतिरिक्त सूचना की प्रतीक्षा है।
21.	कुम्भारखाना भूमिगत खान डब्ल्यूसीएल	जुलाई, 95	-वही-
22.	मोगालगढ़ बाक्साइट खान मैसर्स इंडियन एल्यूमिनियम कं० लि०	अक्तूबर, 95	कार्रवाई की जा रही है।
23.	सूरजगढ़ लौह अयस्क खनन मैसर्स लायड्स मैटल्स	दिसम्बर, 95	-वही-
24.	लोहारा इस्ट कोल माइनिंग मैसर्स एसीसी लि०	जनवरी, 96	अतिरिक्त सूचना की प्रतीक्षा है।

संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना की वाहिनियों पर किया गया व्यय

205. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना की वाहिनियों पर किये गये व्यय की राशि का भुगतान अभी प्राप्त करना है;

(ख) यदि हां, तो सितम्बर, 1995 के अन्त में कुल कितनी राशि बकाया थी;

(ग) क्या भारत को इस राशि का भुगतान प्राप्त करने में विलम्ब हो रहा है;

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण है; और

(ङ) देश को यह राशि कब तक प्राप्त होने की संभावना है तथा यह राशि किस मुद्रा में प्राप्त होगी?

विदेश मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी): (क) जी हां।

(ख) 30 सितम्बर, 1995 की स्थिति के अनुसार सैनिकों और उनके उपकरणों के रूप में संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना कार्य के लिए किये गये अंशदान करने के संबंध में भारत द्वारा किए गए व्यय के संबंध में संयुक्त राष्ट्र को 82.71 मिलियन अमरीकी डालर भारत को देने थे।

(ग) जी, हां।

(घ) और (ङ) भारत को देय भुगतान की प्रतिपूर्ति में विलम्ब सदस्य राज्यों द्वारा शान्ति स्थापना अंशदानों में देरी से भुगतान करने और भुगतान न करने की वजह से हुआ है। जैसे ही संयुक्त राष्ट्र के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध हो जाएगी भारत को उसके द्वारा किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति कर दी जाएगी। यह प्रतिपूर्ति अमरीकी डालरों में होगी।

Demand for Bodoland

206. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the details of its policy towards the demand for Bodoland; and